मोरारजी देसाई की 129 वीं जयंती

स्रोत: पी.आई.बी.

लोकसभा अध्यक्ष ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

//



मोरारजी देसाई के बारे में: उनका जन्म **29 फरवरी 1896** को हुआ था और वे **छठी** लोकसभा के दौरान भारत के **चौथे प्रधानमंत्री** (1977 से 1979) के रूप में कार्यरत रहे।

- **स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका:** भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल होने के लिये 12 वर्ष की ब्रिटिश सेवा के बाद **वर्ष 1930 में उन्होंने डिप्टी कलेक्टर** के पद से इस्तीफा दे दिया।
  - उन्हें व्यक्तिगत सत्याग्रह (वर्ष 1941) के दौरान हिरासत में लिया गया और भारत छोड़ो आंदोलन (वर्ष 1942) के दौरान गिरफ्तार किया गया।
- **स्वतंत्रता के बाद: वर्ष 1956 में वे वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री** बने तथा वर्ष 1958 में **वित्त विभाग** संभाला।
  - उन्होंने कामराज योजना (वर्ष 1963) के तहत **केंद्रीय मंत्रिमंडल** से इस्तीफा दे दिया, जिसमें सरकारी पदों पर बैठे**वरिष्ठ कॉन्ग्रेस नेताओं** से **स्वेच्छा से इस्तीफा देने** और **ज़मीनी स्तर पर मज़बूती** पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया गया था।
  - सरकारी प्रशासन के पुनर्गठन के लिये उन्हें **प्रथम** प्रशासनिक सुधार आयोग (1966) **का अध्यक्ष** नियुक्त किया गया।
  - उन्होंने **वर्ष 1977 के लोकसभा चुनावों में जनता पार्टी** को जीत दिलाई और **प्रधानमंत्री** बने। उनके कार्यकाल के दौरान, कानून के शासन को बनाए रखने के लिये 44 वाँ संशोधन अधिनियम, 1978 लागू किया गया था।

और पढ़ें: श्री मोरारजी देसाई जयंती

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/129th-birth-anniversary-of-morarji-desai